एक नजर में

पीएमश्री कन्या शाला में वितरित की साइकिल

मुलताई। नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल में बुधवार को नि:शुल्क साईकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर शासन की योजना अनुरूप शाला में कक्षा 9 वी एवं 6वीं अध्यनरत छात्राओं को नगरपालिका के सभापति महेंद्र, पिल्लू जैन सहित शाला प्राचार्य नर 19 साईकिल वितरण की . जिसके बाद पुलिस थाना मुलताई की ओर से छात्राओ को से सेफ क्लिक% सायबर जागरूकता अभियान की जानकारी दी। वहीं छात्राओं को प्राचार्य नरवरे ने नि:शुल्क पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान पीएम श्री कन्या शाला के सभी शिक्षक एवं छात्राए उपस्थित रही।

बघोड़ा में कच्चे मकान में लगी आग

मुलताई। जनपद पंचायत प्रभात पट्टन के ग्राम बघोड़ा में मंगलवार की शाम करीब 4 बजे एक ग्रामीण के कच्चे मकान में आग लग गई, नगरपालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया ग्राम बघोड़ा में ग्रामीण कैलाश धोटे के कच्चे मकान में रखे भूसे में आग लगने की सूचना मिलने मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से फायर टीम द्वारा आग बुझाई और मकान को आग की चपेट में आने से बचा लिया। आग बुझाने में फायर ड्राइवर राहुल चंडालिया, फायरमेन गिरीश पिपले, सुमित पूरी की मुख्य भूमिका रही।

नए वाणिज्य निरीक्षक ने संभाला पदभार

बैतूल। रेलवे प्रशासन द्वारा हुए हालिया स्थानांतरण के बाद आज बैतूल रेलवे स्टेशन पर नए खंड वाणिज्य निरीक्षक (सीआई) के रूप में खेमराज मीना ने अपना पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार संभालने के साथ ही स्टेशन के वाणिज्यिक कार्यों का दायित्व अब उनके नेतृत्व में संचालित होगा। खेमराज मीना इससे पूर्व पिछले तीन से चार वर्षों से नागपुर मंडल की वाणिज्य शाखा में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न वाणिज्यिक कार्यों एवं प्रशासनिक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

30 जून को लगेगा मोतियाबिंद जांच शिविर

आठनेर। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में आठनेर एवं भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 जून दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के प्रहलाद साहू एवं गोपाल साहू ने बताया कि मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों के आंखों की जांच की जाएगी एवं जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में किए जाएंगे। चयनित मोतियाबिंद मरीजों को बस के द्वारा बैरागढ़ भोपाल ले जाया जाएगा एवं ऑपरेशन के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आठनेर एवं भैंसदेही में बस द्वारा लाया जाएगा जहां से सभी मरीज अपने घर को जा सकेंगे। श्री साहू ने आठनेर एवं भैंसदेही के समस्त वृद्ध जनों से मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर में अपनी आंखों की जांच कराने का आग्रह किया है।

तेज हवा और आंधी से गिरे होर्डिंग्स तो कौन लेगा जिम्मेदारी?

नवभारत न्यूज

बैतूल, 24 जून. बारिश के मौसम में तेज आंधी के साथ ही हवाएं भी चलती है। ऐसे में मनमाने ढंग से लगे होर्डिंग्स-फ्लैक्स न सिर्फ शहर की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे है, बल्कि हादसों का कारण भी बन सकते है।

शहर की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे होर्डिंग्स

हादसों का कारण भी बन सकते हैं होर्डिंग्स

हालांकि नगरपालिका ने कुछ समय पहले होर्डिंग हटाने की कार्रवाही की थी, लेकिन अब अधिकांश जगह स्थिति जस के तस हो गई है। नगरपालिका ने जिन ऊंची जगहों से होर्डिंग हटाए गए थे, वहां दोबारा होर्डिंग लग गए हैं। हालात यह है कि सब्जी, चाट और चाय की दुकाने, इन होर्डिंग्स के नीचे लग रही है। ऐसे में इन्हें हटवाने की जरूरत है, लेकिन नगरपालिका प्रयास नही कर रही हैं। बस स्टैंड, कोठी बाजार, कमानी गेट, गौठाना, गंज और कारगिल चौक समेत अन्य भीड़ वाली जगहों पर लगे होर्डिंगस तेज हवा से गिरकर लोगों को गंभीर रूप से घायल कर सकते है। दरअसल शहर में नियमों को ताक पर रखकर चौक-चौराहों और भवनों पर बडे-बड़े होल्डिंग और फ्लैक्स लगाकर संस्थाएं अपना प्रचार-प्रसार कर रही है, तो वहीं जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देने के लिए राजनीतिक होल्डिंग की भी कमी नहीं है। खास बात यह है कि इन्हें लगाने के लिए अधिकांश लोगों ने तो अनुमति तक नहीं ली है। जिससे नगरपालिका को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। ऊपर से होर्डिंस को देखकर लगता है कि जैसे यह अब गिरने ही वाला है। जिससे राहगीरों को भी खतरा बना हुआ है।

बधाई, आयोजनों के बड़े-बड़े फ्लैक्स, होर्डिंग्स : शहर के चौराहों पर लोगों ने राजनीतिक, आयोजन और व्यवसायिक होर्डिंस बैनर लगा रखे हैं। इनमें से कई होर्डिंग्स राजनीतिक है, जो कई महीनों से लगे है। लेकिन इन्हें भी नहीं उतारा गया। जबकि बाजार और भीड़ वाले क्षेत्रों में लगे बड़े-बड़े होर्डिंग, फ्लैक्स खतरा बनते जा रहे है।

लोगों का कहना है बारिश का सीजन आने वाला है। ऐसे में तेज हवा, अंधड भी चलती है। यदि होर्डिंस टूटकर गिरे तो लोगों को चोटिल भी कर सकते है। किन्तु नगरपालिका होर्डिंग्स पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। लोगों का आरोप है कि अधिकांश होर्डिंग्स अवैध रूप से लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लेकिन नपा द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जबकि होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर लगाने के लिए नगरपालिका से अनुमति लेनी होती है और इसका शुल्क भी अदा करना पड़ता है।

> नपा से सिर्फ 91 होर्डिंग्स को अनुमति दी गई है। इसके अलावा बिना अनुमति लगे सभी होर्डिंग्स को चिह्नित किया जाएगा। अभी जितने भी होर्डिंग्स अवैध या असुरक्षित पाए जाएंगे, उन्हें हटाने की कार्रवाई तुरंत शुरू की जाएगी।
>
> **– ब्रजगोपाल परते,** वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक, नपा बैतूल

राहगीरों के लिए भी खतरा बन रहे होर्डिंग्स

शहर में अवैध और असुरक्षित तरीके से लगे होर्डिंग्स राहगीरों के लिए खतरा बन रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों, रिहायशी इलाकों में 225 से अधिक होर्डिंग लगे हैं। इनमें 125 से अधिक अवैध होर्डिंग हैं। अवैध होर्डिंग्स से नगर पालिका को सीधा नुकसान हो रहा है। औसतन एक होर्डिंग से प्रति माह 1,000 रुपए का वैध टैक्स मानें तो 125 अवैध होर्डिंग्स से एक महीने में 1 लाख 25 हजार रुपए का नुकसान है। सालाना नुकसान 15 लाख रुपए होता है। विज्ञापन एजेंसियां और निजी लोग बिना अनुमति हर महीने लाखों की कमाई कर रहे हैं। 15 लाख के नुकसान से शहर के कई वार्डों में नई नालियां बन सकती थीं। स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त हो सकती थीं।

शहर में सिर्फ 91 होर्डिंग्स को अनुमति

नगर पालिका ने बैतूल में होर्डिंग के लिए टेंडर निकाला था। प्रिंट टास्क फर्म को टेंडर मिला है। नगरपालिका के वरिष्ठ राजस्व अधिकारी ब्रजगोपाल परते ने बताया कि शहर में सिर्फ 99 होर्डिंग्स को अनुमति दी गई है। यह होर्डिंग्स सरकारी जमीन पर लगे है। इसके अलावा जो होर्डिंग्स है, वह अवैध की श्रेणी में आते है। इन्हें जल्द ही चिन्हित कर हटाने की कार्रवाही की जायेगी। बताया जा रहा है कि नगरपालिका ने 91 लोकेशन पर होर्डिंग लगाने का ठेका दिया है। श्री परते ने बताया कि जो होर्डिंग्स निजी भूमि पर लगे है, उनका निर्धारण होना है। इसका प्रस्ताव परिषद में रखकर शासन को भेजा गया था।

घाट पिपरिया में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

बैतूल। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बैतूल जिले में एक अनूठा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ग्राम पंचायत घाट पिपरिया में आयोजित किया गया। आयोग की ब्रांड एंबेसडर सारिका घारू के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और सुधार करवाने का संदेश दिया। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव, सचिव दिनेश श्रीवास्तव तथा बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य

आकर्षण पारंपरिक पपेट शो रहा, जिसने स्थानीय भाषा में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की कहानी को बेहद रोचक अंदाज में पेश किया। मौके पर मौजूद सारिका घारू ने नागरिकों का भ्रम दूर करते हुए स्पष्ट किया कि यह लोकसभा या विधानसभा वाली सूची नहीं है। यह आपके गांव की पंचायत और शहर के नगर निकाय चुनावों की सूची है। इसलिए विधानसभा सूची में नाम होने के बावजूद नागरिक इस स्थानीय सूची में अपना नाम दोबारा जरूर जांचें।

मुख्यमंत्री के विजिट की तैयारियां

बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जिले के हिल स्टेशन कुकरु में प्रस्तावित 2 दिवसीय दौरे 27 एवं 28 जून की तैयारियों का विधायक महेंद्र सिंह चौहान एवं कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

परिवहन विभाग ने तीन स्कूल वाहन किए जब्त

बैतूल। परिवहन आयुक्त, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्कूल वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत बुधवार को बैतूल शहर में परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन कर संचालित तीन वाहनों को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान दो मैजिक वाहन और एक पिकअप वाहन बिना फिटनेस, बिना परमिट तथा बिना बीमा के संचालित पाए गए। जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में की गई इस जांच कार्रवाई में स्कूल वाहनों से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच

की गई। नियमों के विपरीत संचालित पाए गए तीनों वाहनों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उन्हें प्रकरण के निराकरण तक जप्त कर जिला परिवहन कार्यालय, बैतूल परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि स्कूल वाहनों की सुरक्षा और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान जारी रहेगा। बच्चों के सुरक्षित आवागमन में लापरवाही बरतने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साइबर क्राइम से बचाव के लिए चलेगा सेफ क्लिक अभियान

सारनी। साइबर क्राइम से बचने के लिए सेफ क्लिक अभियान रामबाण साबित होगा। जनता को ठगी से बचने के लिए पुलिस मुख्यालय ने विशेष अभियान चलाया है। उपरोक्त उदगार टीआई इवनाती ने व्यक्त किये है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवं एसडीओपी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन मे इस अभियान को चलाया जायेगा। श्री इवनाती ने कहा कि एसपी श्री जैन ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सेक्स क्लिक अभियान के तहत जनता को जागरुक करने की बात कहीं है. उन्होंने कहा कि देशभर में साइबर क्राइम के जरिए धोखाधड़ी चल रही है। साइबर क्राइम से बचाव के लिए किसी भी प्रकार के लिंक को क्लिक करने से बचने की जरूरत है। बैतूल जिले में ही साइबर ठगी के कई लोग शिकार हो चुके हैं हालांकि अधिकांश मामलों में आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके बावजूद भी साइबर ठगो की जलसाजी के कई लोग शिकार हो रहे हैं. पुलिस विभाग ने साइबर ठगी को रोकने के लिए 24 जून से 8 जुलाई तक विशेष सेल्फ क्लिक अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मकसद साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया जाना है।

नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

बैतूल। शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बैतूल ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय के निर्देशन में बुधवार को लल्ली चौक से कोठीबाजार मुल्ला पेट्रोल पंप तक मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिसके दौरान बड़ी मात्रा में अवैध रूप से रखी गई सामग्री जब्त की गई। नगर पालिका की टीम ने अभियान के तहत सड़क और फुटपाथ पर अवरोध उत्पन्न कर रहे अवैध शेड, ठेले तथा

अस्थायी ढांचों को हटाने की कार्रवाई की। साथ ही, बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद मार्ग को बाधित कर रहे दुकानदारों और व्यवसायियों द्वारा सड़क सीमा में रखे गए बोर्ड, सामान और ठेलों को जब्त कर नगर पालिका परिसर भिजवा दिया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि सड़क सीमा का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग की अपील की है।

मारपीट, गाली-गलौच की ग्रामीणों ने थाने में की शिकायत

चोपना। बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर मारपीट एवं गाली-गलोच करने की शिकायत ग्रामीणों ने थाने में दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि सुशांत पाल पिता निताई पाल एवं उनके पुत्र सूरज पाल द्वारा बाहरी व्यक्ति को बुलाकर बाजार के सभी व्यापारी एवं ग्राम समाज को गाली गलोच एवं मारपीट कर रहा है। शिकायत में बताया कि नरनारायण सेवाश्रम मंदिर चोपना-1 में 19 जून को एक बैठक बुलाई थी। जिसमें बाजार समिति के व्यापारी तथा मंदिर संस्था के शिष्यगण उपस्थित थे। जिसमें स्वामी नकुलनाथ को सर्वसम्मति

से मंदिर के पुजारी के लिए स्वीकार किया। इसके कारण सुशांत पाल एवं सूरज पाल और कुछ अन्य व्यक्ति को बुलाकर गाली गलोच की। जान से मारने की धमकी दी जा रही है। रमेश पाल पिता पाचुराम पाल के साथ मारपीट की। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाही करने की मांग की।

आज युवाओं से रूबरू होंगे निलय विनोद डागा

बैतूल। कांग्रेस अब संगठन की मजबूती के साथ युवा वर्ग की अपेक्षाओं और भविष्य से जुड़े सवालों को भी केंद्र में लाने की तैयारी में है। इसी कड़ी में आज गुरुवार 25 जून को बडोरा स्थित सरले सेलिब्रेशन में आयोजित होने वाला छात्रों की गूंज-जन संवाद कार्यक्रम जिलेभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पिछले कई दिनों से महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों और विभिन्न शिक्षण परिसरों में पहुंचकर विद्यार्थियों, युवा साथियों और अभिभावकों को आमंत्रित किया है। बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी की संभावना जताई जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा शाम 4.30 बजे से विद्यार्थियों और युवाओं के बीच गैर-राजनीतिक वातावरण में सीधे संवाद करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा व्यवस्था के बदलते स्वरूप, प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, रोजगार के अवसर, कौशल विकास, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव, करियर चयन की चुनौतियों तथा आने वाले वर्षों में युवाओं के सामने खड़े होने वाले नए अवसरों और संकटों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। युवाओं के सुझाव, अपेक्षाएं और समस्याएं भी सुनी जाएंगी तथा उन्हें प्रतिस्पर्धी दौर में स्वयं को तैयार करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा।छात्रों की गूंज-जन संवाद कार्यक्रम के लिए जारी आमंत्रण में विद्यार्थियों, युवा साथियों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। आमंत्रण में कहा गया है कि शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं युवाओं के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार सुनने और समाधान की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

सीएमओ ने कढाई गौशाला का किया आकस्मिक निरीक्षण

बैतूल। नपा द्वारा गौवंश संरक्षण और आवारा मवेशियों से मुक्त रखने की दिशा में सख्ती बढ़ा दी गई है। नपा सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने ग्राम कढाई स्थित नपा आधिपत्य की गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गौवंश के संरक्षण, सुरक्षा तथा सुविधाओं के विस्तार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने गौशाला में मवेशियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 नए टॉके (पानी की टंकियां) निर्मित

कराने तथा गौशाला परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्रीवॉल निर्माण के निर्देश संबंधित उपयंत्री को दिए। गौशाला क्षेत्र में बिजली की समस्या पाए जाने पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए बताया कि यह क्षेत्र पाढर जोन के अंतर्गत आता है। इस संबंध में संबंधित जोन प्रभारी को पत्र जारी कर क्षेत्र का शीघ्र सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिजली व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं। गौवंश को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर गौशाला में पर्याप्त मात्रा में 60 ट्रॉली भूसा तथा सुदाना पशुआहार उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में गौशाला में रखे गए सभी गौवंश को व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से रखा जा रहा है। सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने बताया कि पूर्व में सभी पशुपालकों और मवेशी मालिकों को सूचना जारी कर आगाह किया जा चुका है कि यदि कोई भी मवेशी शहर की सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर आवारा अवस्था में घूमता हुआ पाया जाता है तो संबंधित पशु स्वामी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दो साल बाद भी अधूरी पड़ी भीमपुर-चिचोली सड़क

चिचोली। भीमपुर से चिचोली को जोड़ने वाली सड़क क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाती है, लेकिन अधूरे निर्माण कार्य के कारण यह सड़क इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। करीब दो वर्ष पूर्व शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य आज भी पूरा नहीं हो सका है, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। गर्मी के दिनों में सड़क पर उड़ने वाली धूल से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है, वहीं बारिश के मौसम में कीचड़ और सड़क पर बिखरी गिट्टियों के कारण आवागमन जोखिम भरा हो गया है। सड़क निर्माण के लिए डाली गई मिट्टी और गिट्टी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। राहगीरों और वाहन चालकों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़

रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से लगभग 18 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन कार्य की धीमी गति के कारण लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। अटल चौक और नसीराबाद क्षेत्र के निवासियों ने पूर्व में भी सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर तहसील प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के भूमि पूजन के समय क्षेत्रीय सांसद ,विधायक एवं जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन निर्माण कार्य में हो रही लगातार देरी से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

5 कुण्डीय गायत्री यज्ञ कर मनाई गायत्री जयंती, नि :शुल्क हुए संस्कार

मुलताई। नगर के गायत्री शक्ति पीठ में मंगलवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार मुलताई द्वारा गायत्री जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर सामूहिक रूप से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया, जिसमें बडी संख्या में गायत्री परिवार के भाई बहनों ने उपस्थित होकर राष्ट्र को विकसित और सशक्त बनाने के लिए गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां समर्पित की। गौरतलब हैं गायत्री जयंती के दिन ही परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का महाप्रयाण दिवस भी मनाया जाता है,वेदमाता गायत्री ट्रस्ट शाखा मुलताई के व्यवस्थापक रामचन्द्र गायकवाड़ ने पूज्य गुरुदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने,एवं उनके कार्यों को निरंतर गति देने हेतु नियमित कम से कम दो घंटे का समयदान ,नियमित अंशदान करने सभी से आग्रह किया।

वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष के अनुयाज के क्रम में गायत्री जयंती पर्व से सवा लाख गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान साधना करने का भाई बहनों ने संकल्प लिया। महायज्ञ में गुरुदीक्षा, पुंसवन, मुंडन,संस्कार नि:शुल्क सम्पन्न कराए गए,यज्ञ की पूर्णाहुति एवं समापन के बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया।

इमामे हुसैन की याद में पाथाखेड़ा में भव्य लंगर

पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा क्षेत्र में मोहर्रम पर भाईचारे और इंसानियत की मिसाल मस्जिद चौक का आयोजन संपन्न हुआ। इस वर्ष मोहर्रम के पावन अवसर पर हजरत इमामे हुसैन (अ.स.) और कर्बला के शहीदों की याद में पाथाखेड़ा के मस्जिद चौक मछली मार्केट क्षेत्र में इमामे हुसैन लंगर कमेटी द्वारा भव्य लंगर का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन में पाथाखेड़ा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर तबर्रुक हासिल कर रहे थे। लंगर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए वेज पुलाव, हलवा एवं शरबत का वितरण किया गया है। प्रतिदिन हजारों लोग लंगर में शामिल होकर भोजन ग्रहण कर रहे हैं। आयोजन

स्थल पर सेवा में जुटे स्वयंसेवक पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ व्यवस्थाओं को संभाल रहे हैं, जिससे पूरे आयोजन में अनुकरणीय व्यवस्था देखने को मिल रही है।मोहर्रम के दौरान आयोजित यह लंगर आपसी भाईचारे, प्रेम, मानवता और सेवा भावना की मिसाल बन गया है। खास बात यह रही कि इस आयोजन में सभी धर्मों और समुदायों के लोग बिना किसी भेदभाव के शामिल होकर हजरत इमामे हुसैन (अ.स.) को खिराज-ए-अकीदत पेश कर रहे हैं।

क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक बताया जा रहा है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि कर्बला की कुर्बानी पूरी इंसानियत को सब्र, हक, इंसाफ और सच्चाई के रास्ते पर चलने का संदेश देती है।